# गांवों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संकल्प पत्र भरवा रहे बच्चे

## बेसिक शिक्षा विभाग चला रहा मतदाता जागरुकता अभियान




एक गांव में मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक करते शिक्षक और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में 13 मई को होने वाले निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से गांव-गांव अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभिन्न विकास खंडों में जाकर मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक कर रहे हैं। साथ ही मतदान के लिए संकल्प पत्र भी भरवाए जा रहे हैं।

शिक्षक डॉ. अरुण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान में अब तक करीब 5000 मतदाताओं से संकल्प पत्र भरवाए जा चुके हैं। वहीं, छात्राएं ग्रामीण महिलाओं को मेहंदी लगाकर 13 मई का दिन याद रखने का संदेश दे रही हैं। वोट की मेहंदी कार्यक्रम में छात्राएं और महिलाएं बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। महिलाओं में मेहंदी लगवाने को लेकर खासी रुचि दिखाई जा रही है। बच्चे स्कूलों में वोट डालने का निमंत्रण बनाकर भी घर-घर बांट रहे हैं, ताकि कोई भी वोट डालने से वंचित न रह सके और सभी को याद भी बनी रहे। निमंत्रण पत्रों में भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 13 को भूल न जाना वोट डालने आने को जैसे प्रेरक वाक्य लिखे होते हैं। अभियान में बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी सहयोग कर रहे हैं। डॉ. अरुण गुप्ता ने बताया कि जागरुकता अभियान जलालाबाद के गांव ककरहा, सिकंदरपुर, गुरगवां, विकास क्षेत्र कांट के गांव पटियारी, डीगुंरपुर, ददरौल के कुतुवापुर तथा बरेंग, मदनापुर के ककरौआ तथा बिनौरा, निगोही में गांव संडा खास तथा पिपरिया उदयभानपुर, पुवायां के बाबूपुर गंगा, विकास क्षेत्र तिलहर के रजनपुर आदि गांवों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। तौकीर अली, शैलजा गुप्ता, पूजा गंगवार, रंजना शर्मा, अमित गुप्ता, अजीत कुमार, उमाशंकर आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।



लीड कांवेंट में मतदाता जागरुकता पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार



गांव के खलिहान में महिला को मेहंदी लगाकर वोट देने को प्रेरित करती छात्रा।

## वोट देना हमारा अधिकार है इसे न करें बेकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लीड कांवेंट में नगर आयुक्त ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

**अमृत विचार :** मंगलवार को लीड कांवेंट स्कूल में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है, इसे बर्बाद न करें। अच्छी सरकार के लिए अच्छे प्रतिनिधि का चयन जरूरी है, इसलिए हमें सही निर्णय लेते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए।

नगर आयुक्त ने कहा वोट की महत्ता को सभी अभिभावकों और उनके रिश्तेदारों को समझाना होगा। वोट देने के लिए मतदाता को किसी प्रकार लालच में भी नहीं फंसना चाहिए। इस मौके पर उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, डीपीएम सैफ सिद्दीकी, व्यापारी नेता सचिन बाथम ने भी वोट का महत्व समझाया। प्रधानाचार्य तराना जमाल ने बच्चों को शपथ दिलाई कि वह घर जाकर अभिभावकों को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। पोस्टर, स्लोगन, मेहंदी प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल निदेशक मोहम्मद जमाल ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# योगी-अखिलेश की सभा आज सियासी घमासान से चढ़ेगा पारा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांट के रामलीला मैदान में अपरान्ह दो बजे मुख्यमंत्री
- बरेली मोड़ पर सुबह 10 बजे सपा मुखिया करेंगे सभा को संबोधित

**अमृत विचार :** जिले में 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान के लिए बुधवार को सपा और भाजपा के सेनापति आमने-सामने होंगे।

एक ओर सुबह 10 बजे बरेली मोड़ मैदान पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सपा विधान सभा प्रत्याशी अवधेश वर्मा व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप के समर्थन में जनसभा करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांट के रामलीला मैदान में भाजपा विधान सभा प्रत्याशी अरविंद सिंह व लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर के समर्थन में जनसभा करेंगे। दोनों प्रमुख पार्टियों के कद्दावर नेताओं की ललकार से सियासी तापमान भी चरम पर होगा। मंगलवार को दोनों नेताओं के आगमन को लेकर तैयारियां जोरशोर से चलीं।

मुख्यमंत्री योगी की जनसभा कांट के रामलीला मैदान में अपरान्ह दो बजे से होगी। सीएम मुख्य रूप से ददरौल उप चुनाव के भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह के पक्ष में माहौल बनाने आ रहे हैं। वह लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर के लिए भी वोट मांगेंगे। बता दें कि ददरौल क्षेत्र के विधायक मानवेंद्र सिंह के असमय निधन के बाद पार्टी ने उनके पुत्र अरविंद सिंह को टिकट देकर परिवार का सम्मान किया है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कांट के रामलीला मैदान को झंडे-बैनर और योगी के आदमकद कटआउट से सजा दिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर आदि ने सभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वित्त मंत्री खन्ना ने हेलीपैड का भी निरीक्षण कर जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिए। पूर्व मंत्री क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला आदि भी मौके पर मौजूद रहे।

वहीं, सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में बरेली मोड़ स्थित विशाल मैदान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने पार्टी मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा की तैयारियों, हेलीपैड आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभा स्थल को पार्टी के झंडों और बैनरों से सजाया गया है। इस दौरान पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, महामंत्री रणंजय सिंह यादव, अफसर अली, श्याम लाल यादव, ओम गुप्ता, राजू सिंह, टिंकू सिंह, जीवेंद्र आदि भी मौजूद रहे।



सीएम योगी की सभा की तैयारियों का जायजा लेते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

आवश्यकता है
अमृत विचार के बरेली संस्करण को एकाउंटेंट की
अनुभव :- न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नगर निगम की ओर से कलाकारों ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मंथन आर्ट्स सोसायटी के कलाकारों ने मंगलवार को सदर बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

नुक्कड़ नाटक के साथ ही सभी से अपील की गई कि वोटर को जागरूक करने के लिए शत प्रतिशत वोट डालने के लिए ज़िला प्रशासन व नगर निगम का सहयोग करें और एक अच्छी सरकार चुनें। इस अवसर पर नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र की ओर से सभी को अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कलाकारों में सुमित सक्सेना, शंकर लाल, वरुण कुमार, रचिन कुमार, पारस दीक्षित, सोनू सक्सेना आदि रहे। इस मौक़े पर उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/परियोजना अधिकारी डूडा चित्रा निर्वाल, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक सैफ़ सिद्दीक़ी, संस्था के निदेशक शिवा सक्सेना, सचिन बाथम आदि मौजूद रहे।



सदर बाजार में नुक्कड़ नाटक करते कलाकार। ● अमृत विचार






# वे कट्टा और बम बनाते हैं, हम विकास कराते हैं

## मिर्जापुर में आयोजित सभा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद का संबोधन, सपा को आड़े हाथ लिया

संवाददाता, मिर्जापुर

- कहा- हमेशा ऊंचा रखा जाएगा शाहजहांपुर का सिर, विपक्षियों को न दें वोट रूपी ऑक्सीजन
- धारा 370 और राम मंदिर ट्रेलर 400 पार होने के बाद दिखेगी पूरी पिक्चर

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मिर्जापुर से सपा पर निशाना साधा। कहा सपा सरकार में खाली प्लाट हमारा है का नारा था। जिस गाड़ी में सपा का झंडा होता था, उसमें गुंडे होते थे। उन्होंने कहा कि धारा 370 और राम मंदिर तो सिर्फ ट्रेलर है। पूरी पिक्चर 400 पार के बाद जनता को दिखेगी। उन्होंने सपा को समाप्त वादी पार्टी कहते हुए अरुण सागर को भारी बहुमत से जिताने और देश को विकसित बनाने के संकल्प को पूरा कराने का वचन मांगा।

कस्बे के शिवमंगल सिंह डिग्री कॉलेज में मंगलवार को आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाषण की शुरुआत भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर के लिए हाथ उठाकर वोट देने की अपील के साथ की। मौर्य बिरादरी को साधते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में उन्हें गालियां दीं, उनके पिता का अपमान किया था। उसका बदला सपा का सफाया करके लेना है। सपा शासन में बिजली आती नहीं थी और अब बिजली जाती नहीं है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार में उनका नारा था कि खाली प्लाट हमारा है। जिस गाड़ी में सपा का झंडा होता था, उसमे गुंडे होते थे। उन्होंने शाहजहांपुर से रिश्ता बताते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में यहां की जनता ने सभी सीटें भाजपा की झोली में डाली थीं। शाहजहांपुर का सिर हमेशा ऊंचा रखा जाएगा। नीरज मौर्य का भी जिक्र करते हुए कहा कि पांच साल सत्ता की मलाई खाकर सपा में चले गए, लेकिन यहां की जनता ने इसका उन्हें चुनाव हराकर जवाब दिया। बिहार में सम्राट चौधरी और हरियाणा में नायब सिंह सैनी को कमान देकर भाजपा ने अपने वर्ग को सम्मान दिया है। देश के सबसे बड़े प्रदेश के डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी दोबारा पार्टी की ओर से उन्हें सौंपी गई है, लेकिन वह कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं।

धारा 370 व राम मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है। पूरी पिक्चर 400 पार होने के बाद देखना। विरोधी लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा यह प्रचार कर रहे हैं, लेकिन मोदी ने लोकतंत्र के मंदिर में माथा टेककर ही देश की कमान संभाली थी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कट्टा और बम बनाते हैं, हम विकास कराते हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस आईसीयू में हैं। इन्हें ऑक्सीजन देने की जरूरत नहीं है।


मच पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, मेयर अर्चना वर्मा, विधायक सलोना कुशवाहा, हरिप्रकाश वर्मा समेत जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार


मंच पर वार्ता करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अरुण कुमार सागर।


उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की सभा में बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### सीओ से भाजपा नेता की नोकझोंक

सभा में भाजपा के जिला महामंत्री व संयोजक रमाकांत मिश्रा की सीओ जलालाबाद से झड़प हो गई। रमाकांत उप मुख्यमंत्री को लेकर मंच पर चढ़ रहे थे। इस दौरान सीओ ने उन्हें मंच पर चढ़ने से रोक दिया। जिस पर वह बिफर गए और सीओ की क्लास लेने पर उतर आए। वरिष्ठ भाजपा नेताओं के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

### सपा को सांपनाथ, बसपा को नागनाथ बताया

उन्होंने सपा को सांपनाथ, बसपा को नागनाथ और कांग्रेस को कालिया नाग बताया। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के बाद एक देश, एक वोटर लिस्ट पर काम होगा। साथ ही समान नागरिक आचार संहिता लागू की जाएगी। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि 100 में 80 हमारा, 20 में बंटवारा और बंटवारे में भी हमारे की बात कही। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं में हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लिए जोश भरा। चुनाव जीतने के बाद बुलाने पर मिर्जापुर आने का वादा किया। साथ ही क्षेत्रवासियों को लखनऊ आमंत्रित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा संयोजक रमाकांत मिश्रा व अनिल गुप्ता ने किया। सभा को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, ममता यादव, सलोना कुशवाहा, वीर विक्रम सिंह प्रिंस, हरिप्रकाश वर्मा, सुधीर गुप्ता, अर्चना वर्मा, लता सिंह, केसी मिश्रा, प्रभारी मंत्री सुरेश राणा, राजेश कश्यप, बागीश राठौड़ आदि ने भी संबोधित किया।

## एक नजर

### मां-बेटी को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी श्रीपाल ने बताया कि उसकी जमीन पर भाई गुड्डू दीवार बनवा रहे थे। सोमवार की सुबह 9 बजे उसकी पत्नी तारावती व बेटी रुबी ने गुड्डू से कहा कि हमारी जमीन पर दीवार क्यों बनवा रहे हो। इस बात से वह नाराज हो गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी गुड्डू आदि ने उसकी पत्नी व बेटी को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी गुड्डू, वीरशे, सत्यवीर, विशाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रंजिशन धारदार हथियार से किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव बल्लिया निवासी संदीप राठौर ने बताया कि उसके चाचा रामनाथ की गांव निवासी मलखान से पुरानी रंजिश चल रही है। पांच अप्रैल की रात 11 बजे उसके चाचा रामनाथ रोजाना की तरह घर के बाहर सो रहे थे। मलखान ने सोते समय उनपर धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया, जिससे रामनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने मलखान के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फार्मासिस्ट के बेटे ने घर में गोली मार कर ली आत्महत्या

संवाददाता, जलालाबाद

- मिरगी के दौरे से परेशान था जलालाबाद के मोहल्ला वर्कजई का हमजा खान

**अमृत विचार :** मिरगी के दौरे से परेशान फार्मासिस्ट के बेटे ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने भी घटना स्थल पर सैंपल लिए।

नगर के मोहल्ला वर्कजई निवासी फार्मासिस्ट शाहिद रजा खान ने बताया कि उनका पुत्र हमजा खान(19) सोमवार देर रात कहीं से घूम कर आया और तीसरी मंजिल पर बने कमरे में सोने के लिए चला गया। रात करीब दो बजे परिवार के लोगों को कमरे से फायर की आवाज सुनाई दी, तो सभी लोग सकते में आ गए और भाग कर कमरे में पहुंचे, जहां पता चला कि उसने सीने पर तमंचा रख कर खुद को गोली मार ली। शाहिद ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी हैं और दूसरे नंबर पर बेटा हमजा खान था। उन्होंने बताया कि बेटे को मिरगी का दौरा आता था, जिससे वह परेशान रहता था। इसी वजह से बेटे ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हमजा खान ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी।


हमजा रजा खान।

### महिला ने कीट नाशक दवा खाकर दी जान



**शाहजहांपुर।** ढकिया हमीदनगर गांव में एक महिला ने कीट नाशक दवा खा ली। तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टर ने उसे बरेली रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव हमीदनगर निवासी राशिद अली की शादी सात साल पहले शबीना बेगम(30) निवासी रड़ैता थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत के साथ हुई थी। उसकी पत्नी ने सोमवार की शाम पांच बजे कीट नाशक दवा खा ली। उसकी तबीयत खराब होने पर उल्टियां करने लगी। वह पत्नी को मेडिकल कॉलेज लाया। रेफर करने पर पत्नी को बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रात उसकी मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर घर ले आए। इधर मायके वाले पहुंचे। और सिंधौली थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों की तरफ कोई तहरीर नहीं आई है। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतका के दो बच्चे है।

### तमंचा समेत युवक गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना के उप निरीक्षक चंद्रशेखर को मंगलवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि केशवपुर नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और तलाशी लेने पर तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।




# आढ़ती पर रॉड से हमला, मरणासन्न किया

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** सब्जी लेकर लौट रहे गल्ला आढ़ती को पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने रास्ते में घेर लिया और लाठी-डंडों व रॉड से पीट-पीटकर बेदम कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने आढ़ती पर फायर भी किया, गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए। आढ़ती की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ जान से मारने के प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला नोसारा निवासी विशन गुप्ता की मंडी में गल्ला की आढ़त है। सोमवार शाम वह सब्जी मंडी से सब्जी लेकर लौट रहे थे। कटरा-जलालाबाद रोड पर प्रवीण सभासद के मकान के पास पुरानी रंजिश के चलते प्रशांत गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता उर्फ सूर्य, सुधीर गुप्ता , शिवम मिश्रा , छोटू यादव ,शगुन गुप्ता अभिषेक गुप्ता ने अपने तीन चार अन्य लोगों के साथ मिलकर विशन गुप्ता को घेर लिया। आरोपी सूर्यांश ने तमंचा से फायर कर दिया, जिसमें वह बाल बाल बच गए। उसके बाद सभी ने आढ़ती पर लाठी-डंडा, लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिरा दिया और उन्हें तब तक पीटा, जब तक वह मरणासन्न स्थिति में नहीं पहुंच गए। जानकारी पर परिजन पहुंचे तो उनके ललकारने पर आरोपी भाग गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनकी नाजुक हालत को देखते मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले की तहरीर पत्नी सुनीता गुप्ता ने दी।


शरीर पर पिटाई से पड़े चोट के निशान।

- तमंचे से किया फायर, पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

> घायल की पत्नी द्वारा दी गई तहरीर आधार पर धारा 307, 308 जैसी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।
> – हरपाल सिंह, कोतवाल

### ईंट मार कर बच्चे को किया घायल

**कलान।** दरवाजे पर बैठे पर पांच वर्षीय बच्चे को पड़ोसी के बेटे ने ईंट मार कर लहूलुहान कर दिया। शिकायत करने पर विपक्षियों ने बच्चे के पिता और चाचा की पिटाई कर दी। मामले की तहरीर दी गई है। नगर पंचायत के मोहल्ला शांतिनगर निवासी पूनम पत्नी कृष्णा पाल सक्सेना ने थाने पर तहरीर देकर बताया उसका पति गांव में फेरी लगाकर बच्चों का पेट पालता है लेकिन पड़ोस के दबंग लोग आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे उसका पुत्र जितिन( 5) घर के दरवाजे पर बैठा था, वहीं पड़ोस के ही एक लड़के ने उसके ईंट मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। पूनम ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो रास्ते में पति कृष्ण पाल एवं देवर विवेक को जमकर पीट दिया। जिसकी शिकायत उसने थाना प्रभारी से की। पुलिस ने बालक को मेडिकल परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### खंभे से बांधकर युवक को लाठी डंडों से पीटा

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव नौगवा मुबारिकपुर निवासी लतीफ ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह ईंट भट्ठा पर ईंट पथाई का काम करता है। वह अपनी बाइक से सोमवार रात नौ बजे घर आ रहा था। रास्ते में सगे भाई भतीजे मिल गए और उन्होंने बाइक से उतार दिया और सड़क पर खींचने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने उसे बिजली खंभे से बांधकर लाठी डंडों से जमकर पीटा। जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रात में ही भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## सार-संक्षेप

### भाभी और ननद के साथ मारपीट, तहरीर दी

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी विमला ने बताया कि रविवार की दोपहर एक बजे उसकी ददिया सास सुशीला, ससुर विश्नुपाल निवासी जलालपुर थाना खुदागंज ने उसके व उसकी ननद काजल के साथ मारपीट की और गाली गलौज की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है। पुलिस ने सुशीला, विश्नुपाल, दीपू, पुष्पा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### पाक्सो का अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त अजय निवासी वहेरमा थाना पिहानी जिला हरदोई के खिलाफ एक सप्ताह पूर्व पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जो फरार चल रहा था। पुलिस को मंगलवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि निगोही-पुवायां रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास खड़ा है। पुलिस ने आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, अंकित कुमार आदि थे।

### आज 10 से तीन बजे तक बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**तिलहर।** बिजली विभाग के द्वारा पावर हाउस टाउन में मेंटिनेंस का कार्य आठ मई दिन को किया जाएगा। एसडीओ सौरभ शाक्य ने बताया कि मेंटिनेंस कार्य करने के लिए तिलहर नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि असुविधा के लिए उपभोक्ता बिजली विभाग का सहयोग करें।

### 31 तक भरें इंप्रूवमेंट-कंपार्टमेंट परीक्षा फार्म

**शाहजहांपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की वर्ष 2024 की हाईस्कूल परीक्षा में इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट तथा इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अर्ह परीक्षार्थी 31 मई की मध्यरात्रि 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने कहा है कि समस्त प्रधानाचार्य संबंधित छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत, सिर इंजन में फंसा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रेल लाइन पर बिखर गए शरीर के अंग, शिनाख्त नहीं
- रेल लाइन तीन पर पौन घंटे बाधित रहा रेल संचालन

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर रन थ्रू ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की कटकर मौत हो गई। युवक का सिर इंजन के काउ केचर में फंस कर चला गया। जो मौके पर नहीं मिला। जबकि उसके शरीर के कई अंग टुकड़े होकर रेलवे लाइन पर बिखर गए। रेल लाइन तीन पर पौन घंटे तक रेल संचालन बाधित रहा।

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो तथा तीन को ऊंचा किया गया है। मंगलवार की सुबह पौने छह बजे एक युवक प्लेटफार्म चार से उतरकर प्लेटफार्म तीन पर रेल लाइन पार करके जा रहा था। लखनऊ की दिशा की तरफ से रन थ्रू ट्रेन बरेली की ओर जा रही थी। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी कटकर मौत हो गई। उसका सिर ट्रेन के इंजन काउ केचर में फंसकर, आगे चला गया। जो मौके पर नहीं मिला। जबकि उसके शरीर के कई अंग टुकड़े होकर रेलवे लाइन पर इधर-उधर बिखर गए। लोगों ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी तथा आरपीएफ को मेमो दिया। आरपीएफ तथा जीआरपी प्लेटफार्म तीन की रेल लाइन पर पहुंची और शव के टुकडों को एकत्रित करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान बरेली जाने वाली ट्रेनों को रेल लाइन संख्या चार से निकाला गया। पौने सात बजे रेल लाइन तीन ट्रेनों आवागमन शुरू हुआ। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति की उम्र 30 साल है और सिर की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।






# युवती को जलाकर मारने के प्रयास में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास

## 2017 में खुटार के एक गांव की घटना, बहनों के साथ घर लौट रही थी युवती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** युवती को जलाकर मार डालने के प्रयास के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम के न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा और 45 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी की तीन बेटियां 14 जनवरी 2017 को घर के बाहर शौच कर घर लौट रही थीं। तीनों बेटियां घर के पास पहुंची, तभी खुटार के गांव रौतापुर कलां निवासी तिलकराम के बेटे राजपाल ने 19 वर्षीया एक बेटी के ऊपर मिट्टी के तेल की पिपिया उड़ेल दी और माचिस की तीली जलाकर आग लगा दी। वह चीखती-चिल्लाती हुई घर की ओर भागी। चीख पुकार सुनकर पिता घर से बाहर आया तो देखा कि राजपाल भाग रहा था, भागते समय राजपाल ठोकर खाकर खड़ंजे पर गिर गया। आग लगने से बेटी बुरी तरह से झुलस गई। मोहल्ले के लोगों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। बेटी को गंभीर झुलसी अवस्था में खुटार सीएचसी से शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। पीड़िता 63 प्रतिशत झुलस गई।

**• अर्थदंड की धनराशि 45 हजार रुपये पीड़िता को देने के लिए आदेश**



मामले की तहरीर खुटार पुलिस को दी गई। पुलिस ने राजपाल के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना के उपरांत मामला न्यायालय भेज दिया। इस घटना में पीड़िता के दोनों कान खत्म हो गए और उसका चेहरा देखने लायक नहीं रह गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम के कोर्ट में सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता श्रीपाल वर्मा के तर्कों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने हत्या के प्रयास का दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त राजपाल को आजीवन कारावास की सजा और 45 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

कुल अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को नियमानुसार प्रतिकर के रूप में दिए जाने के आदेश दिए।

### शादीशुदा होने के बावजूद पीड़िता को पाना चाहता था राजपाल

घटना के वक्त अभियुक्त राजपाल की उम्र 28 वर्ष थी और उसकी शादी हो चुकी थी, इसके बावजूद भी वह पीड़िता को पाना चाहता था। अपनी चाहत को पूरा करने के लिए उसने पीड़िता को परेशान किया, छेड़खानी की। मगर पीड़िता के बार-बार इंकार किए जाने से क्षुब्ध होकर उसने पीड़िता को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया।

### कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी, फिर सुनाई सजा

कोई भी मनुष्य जिंदगी में एक बार मरता है लेकिन पीड़िता जब-जब आइना देखेगी, तब-तब वह मरेगी और बार-बार यही सोचेगी कि उसने जन्म ही क्यों लिया और जन्म लिया ही तो लड़की का जन्म क्यों लिया। ऐसे में अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाना न्यायोचित है।

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग, महिला झुलसी

संवाददाता, निगोही

अमृत विचार: चाय बनाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से मकान में आग लग गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। आग से घरेलू सामान भी जल गया। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

**• निगोही के दियूरिया गांव में चाय बनाते समय हुई घटना, घरेलू सामान जला**

गांव दियूरिया निवासी स्वर्गीय बृजपाल राठौर की पत्नी विमला देवी मंगलवार सुबह गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी। इसी दौरान सिलेंडर लीक हो गया और सिलेंडर से तेज लपटें उठने लगीं, जिसकी चपेट में आकर विमला देवी गंभीर रूप से झुलस गई। घर में रखा सामान कपड़े, रजाई-गद्दा, चार क्विंटल गेहूं, चार चारपाई जल गई। गांव के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। विमला देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसके पति बृजपाल राठौर की पांच वर्ष पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। आगजनी की घटना में 40 हजार रुपये का नुकसान हो गया।



घटना के बाद दहशत में परिवार वाले और बिखरे पड़े कपड़े।

## आग से झुलसे बुजुर्ग की मौत

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव खैरपुर निवासी सईद अहमद (70) सोमवार की दोपहर दो बजे खेत पर थे। खेत में गेहूं के किनारे यूकेलिप्टस के पत्ते पड़े थे। अचानक पत्तों में आग लग गई। उन्होंने पत्तों में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया, कि गेहूं में आग न लग जाए। आग बुझाने के प्रयास में सईद अहमद झुलस गए। परिवार वालों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह बुजुर्ग की मौत हो गई। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# बिजली के पोल पर चढ़ा संविदा कर्मी करंट से झुलसा

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार: फॉल्ट सही करने को बिजली के खंभे पर चढ़े संविदा कर्मी को करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसका बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गंगासरा के रामासरे यादव का बिसरा गांव में फार्म है, जहां मोटर लगा है। इसी लाइन में सोमवार को फॉल्ट हो गया था। गंगसरा विद्युत उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी समील सोमवार शाम उसे सही करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। इसी बीच बिजली लाइन शुरू कर दी गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों के अनुसार बिजली करंट से झुलसे संविदा कर्मी का इलाज बरेली अस्पताल में चल रहा है। वहीं एसडीओ हरिओम सिंह ने बताया कि लाइन में फाल्ट सही करने के दौरान संविदा कर्मी को चोट आई है, जिसका इलाज चल रहा है।

**• लाइन में फॉल्ट सही करते समय शुरू कर दी गई सप्लाई**

डयूटी पर नहीं था एसएसओ

परिजनों के मुताबिक जिस समय समील फॉल्ट सही करने के लिए खंभे पर चढ़ा था उसे दौरान विद्युत उपकेंद्र पर ड्यूटी पर तैनात एसएसओ मौजूद नहीं था। जानकारी के अनुसार एक संविदा कर्मी ही एसएसओ के स्थान पर ड्यूटी कर रहा था, जिसने बिना सिग्नल के बिजली सप्लाई शुरू कर दी। इससे विद्युत उपकेंद्र के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही साफ झलक रही है।

## किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

निगोही। थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीया किशोरी ने बताया कि रविवार की रात आठ बजे अपने घर से निकल रही थी। आरोप है कि गांव के दीपक ने उसका हाथ पकड़कर गलत नीयत से खीच लिया और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# नदी किनारे बाढ़ग्रस्त इलाके में की जा रही प्लाटिंग



सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन देते जनता की आवाज के पदाधिकारी।



एसडीएम संजय पांडेय से वार्ता करते किसान। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: शहर में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों और नशे कारोबार के खिलाफ सामाजिक संगठन जनता की आवाज ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

**• सामाजिक संगठन जनता की आवाज ने कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**

संगठन के संस्थापक अध्यक्ष संजीव इंसान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नदी किनारे बाढ़ ग्रस्त इलाके में प्लाटिंग की जा रही है।

भू माफियाओं ने खन्नौत नदी किनारे की जमीन पर कब्जा कर रखा है, जिसे मुक्त कराया जाए और भूमाफियाओं पर कार्रवाई हो। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में नशे का कारोबार व वैश्यावृत्ति का भी धंधा चल रहा है।

ज्ञापन देने वालों में सोनी गुप्ता, मोनी सक्सेना, रहीस अहमद, मोहम्मद अहसान, प्रमोद पंडित आदि लोग शामिल रहे।

## शिकायतों पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

**पुवायां, अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर यूनियन के तहसील अध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में किसानों ने मंडी किसान कार्यालय पर एसडीएम संजय पांडेय के साथ समस्या निस्तारण को लेकर बैठक में वार्ता की।

किसानों ने 22 अप्रैल को डीएम को दिए ज्ञापन में समस्या निस्तारण की मांग की थी। समस्याओं का निस्तारण न होने पर बुधवार को एसडीएम के घेराव कर प्रदर्शन की चेतावनी दी थी, उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा में आधार कार्ड संशोधन में अवैध वसूली पर कार्रवाई किए जाने, बद्रीपुर हदीरा में धर्मस्थल की जगह से कब्जा मुक्त कराने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एसडीएम ने 13 मई को लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया है। इस दौरान महेश वर्मा, सोमवीर सिंह, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

**• भाकियू पदाधिकारियों ने एसडीएम से की निस्तारण की मांग, मिला आश्वासन**




## आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि 24 जुलाई 23 को दोपहर 12 बजे अपने घर से मोहल्ले में ताई के घर जा रही थी। मोहल्ले के मोईन ने अकेला देखकर युवती को गलत नीयत से पकड़ लिया और झाड़ियों में खींच कर ले गया। आरोप है कि आरोपी युवती के साथ जबरदस्ती छेड़खानी करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी धमकी दी कि थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे। युवती ने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। युवती के परिवार वालों ने आरोपी के परिवार वालों से शिकायत की। 26 जुलाई 23 को दोनों पक्षों के बीच समझौता मोईन की शादी उसके साथ कर दी जाएगी। लेकिन मोईन के परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया।

## गेहूं काटने गई किशोरी से छेड़छाड़

**पुवायां।** खेत पर गेहूं काटने गई किशोरी के साथ तीन युवकों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो सगे भाई सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 12 वर्षीया बेटी एक मई को गेहूं काटने गई थी। तभी वहां तीन युवक आए और उन्होंने बेटी के साथ जबरदस्ती कर छेड़छाड़ करने लगे, जब वह चिल्लाई तो आसपास गेहूं काटने वाले लोग आ गए, तभी तीनों वहां से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकित, राजन और सचिन के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भाजपा प्रत्याशी अरविंद ने कई गांवों का भ्रमण कर मांगा समर्थन



बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर वोट मांगते भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: ददरौल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह ने चुनावी प्रचार में ताकत झोंक दी है। उन्होंने मंगलवार को समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांवों का भ्रमण करते हुए वोट के साथ विजयी होने का आशीर्वाद भी मांगा।

अरविंद सिंह ने अपना अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को सरथौली समेत आसपास निकरा, कुटरा, डहरा, प्रह्लादपुर, बांसखेड़ा, सिकरहन, रामखेड़ा आदि गांवों का भ्रमण कर सभाएं कीं और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास की बात करते हुए पिता मानवेंद्र सिंह के सपनों को पूरा करने का वादा किया। बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर उन्होंने विजयी होने का आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने विधायक पिता मानवेंद्र सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भी हवाला देकर वोट और सपोर्ट मांगा। इस दौरान पूर्व एमएलसी संजय कुमार मिश्र ने भी अरविंद सिंह को समर्थन देकर क्षेत्रीय लोगों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान राम रहीस पाल, कौशल सिंह परमार, पूर्व प्रधान पुष्पेंद्र सिंह चौहान, प्रधान सुधांशु मिश्रा, संजय सिंह, रोहित सिंह, जग्गू मिश्रा, हलधर सिंह, ब्रह्मकुमार दीक्षित समेत बड़ी संख्या में समर्थक शामिल रहे।

# पॉक्सो की रिपोर्ट दर्ज, आरोपी का चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर में एक मोहल्ले में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने पर लोगों ने नाबालिग को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की किशोरी का नाबालिग कई दिन से पीछा कर रहा था। सोमवार की रात नौ बजे घर के बाहर उसने किशोरी को छेड़ दिया। किशोरी ने शोर मचाया तो परिवार तथा अन्य लोग आ गए। लोगों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और आरोपी को पकड़कर थाने पर ले आयी। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि नाबालिग के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज करके बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

